Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 27-02-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

an>

Title : Need to improve the mobile phone services operated by BSNL in Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के अनेक जिलों के बीएसएनएल फोन की कमी के बारे में कहना चाहूंगा कि 5 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की रेंज में जिले में बीएसएनएल रेंज की कमी है जिसके कारण उन्हें मोबाइल फोन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जहां-जहां गैप है, उस रेंज को बढ़ाया जाए। मोबाइल सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जाए। बीच-बीच में लाइन कट जाती है। दूरसंचार सेवा के संबंध में कहना चाहूंगा कि अधिकतर सांसदों के फोन भी वहां कट जाते हैं या बंद कर दिए जाते हैं। उनकी जांच की जाए। हमें बात करने में कठिनाई होती है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस बात की ओर भी ध्यान दिया जाए।

वहां कई प्रीपेड और पोस्ट पेड कनैक्शनों की कमी है। एक-एक जिले में कम से कम चार-चार, पांच-पांच हजार प्रीपेड और पोस्ट पेड कनैक्शन्स के लिए दरख्वास्त दी गई हैं। उन्हें लागू किया जाए और लोगों को मोबाइल सेवा की स्वीकृति दी जाए और प्रीपेड और पोस्ट पेड आवेदककर्ताओं को वितरित की जाए। जहां जंगल एरिया है, वहां फोन और मोबाइल काम नहीं करता। वहां सेटेलाइट की व्यवस्था की जाए जिससे फोन की सुविधा प्राप्त हो क्योंकि अधिकतर छत्तीसगढ़ राज्य में नक्सलवादी समस्याओं से निपटने के लिए सैनिकों या सुरक्षा कर्मियों को फोन की आवश्यकता पड़ती है, गोपनीय बात नहीं हो पाती जिससे पुलिस प्रशासन या छत्तीसगढ़ प्रशासन उसमें ध्यान नहीं दे पाती। नक्सलवादी समस्या के कारण कई लोगों की मृत्यु हो जाती है। इस प्रकार की गड़बड़ी की संभावना को फोन द्वारा रोका जा सकता है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहूंगा कि दूरदराज क्षेत्रों में आवश्यक मोबाइल सेवा जैसे आइडिया या अन्य प्रकार की सेवा सुविधा लागू की जाए जिससे वहां के लोगों को दूरसंचार तथा मोबाइल सेवा सुविधापूर्वक मिल सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet on 28th February, 2006 at 11.00 a.m.

19.29 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on[r79] Tuesday, February 28, 2006/Phalguna 9, 1927 (Saka).